
Apka Faisla



धर्मशाला : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू शीतकालीन सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए विधानसभा पहुंचे। डिप्टी चीफ व्हिप केवल सिंह पठानिया, प्रधान आईटी सलाहकार गोकुल बुटेल, स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा और विधानसभा स्टाफ ने स्वागत किया

Scanned by Scanner Go

Dainik Jagaran

# दसवीं व जमा दो की परीक्षाएं तीन मार्च से

## बोर्ड ने की घोषणा, प्रातःकालीन सत्र में होंगी दोनों कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 10वीं व जमा दो के नियमित व राज्य मुक्त विद्यालय के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाओं की घोषणा कर दी है। 10वीं व जमा दो की वार्षिक परीक्षाएं तीन मार्च से शुरू होंगी। 10वीं की नियमित व राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय की प्रायोगिक परीक्षाएं 20 फरवरी से 28 फरवरी को तथा जमा दो की नियमित व राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं 20 फरवरी से 28 फरवरी तक होंगी।

दसवीं की नियमित व राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय की लिखित परीक्षाएं तीन मार्च से 28 मार्च तक प्रातःकालीन सत्र 9:45 से दोपहर एक बजे तक होंगी।

जमा दो की नियमित व राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं 3 मार्च से 1 अप्रैल तक प्रातःकालीन सत्र में 9:45 से दोपहर 1:00 बजे तक होंगी। उत्तर पुस्तिकाओं का संग्रहण 12 मार्च से शुरू होगा और मूल्यांकन 2 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलेगा। 23 अप्रैल को परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। यह जानकारी शिक्षा बोर्ड के सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने दी।

### 10वीं की डेटशीट

**तिथि, विषय**

तीन मार्च, अंग्रेजी

पांच मार्च, म्यूजिक (वोकल)

छह मार्च, हिंदी

सात मार्च, फाइनेंसियल लिटरेसी

11 मार्च, गणित

14 मार्च, साइंस एंड टेक्नोलाजी

16 मार्च, कंप्यूटर साइंस

17 मार्च, म्यूजिक (इंस्ट्रुमेंटल)

18 मार्च, होमसाइंस

20 मार्च, उर्दू, तमिल, तेलुगू, संस्कृत, पंजाबी।

23 मार्च, आर्ट, इकोनोमिक्स, कामर्स, आटोमोटिव, प्राइवेट सिक्योरिटी, रिटेल, इंफोर्मेशन टेक्नोलाजी, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर, टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी, टेलीकाम, फिजिकल एजुकेशन, बीएफसीआइ, मीडिया एंड इंटरटेनमेंट, प्लंबर, ब्यूटी एंड वेलनेस, इलेक्ट्रानिक्स एंड हार्डवेयर, मेड अप एंड होम फिनिशिंग, फूड प्रोसेसिंग

23 मार्च, सोशल साइंस।

**2** से 22 अप्रैल तक होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, 23 से शुरू होगी परिणाम की तैयारी

**30** अप्रैल तक स्कूल शिक्षा बोर्ड घोषित कर देगा दोनों कक्षा का परीक्षा परिणाम



### 12वीं की डेटशीट

तीन मार्च, संस्कृत

पांच मार्च, अंग्रेजी

छह मार्च, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन

सात मार्च, अर्थशास्त्र

नौ मार्च, भौतिक विज्ञान

10 मार्च, समाजशास्त्र

11 मार्च, फाइन आर्ट्स

12 मार्च, हिंदी और उर्दू

13 मार्च, अकाउंटेंसी, जीव विज्ञान

14 मार्च, मनोविज्ञान

16 मार्च, फ्रेंच

17 मार्च, राजनीतिक शास्त्र

18 मार्च, फिलासफी

19 मार्च, गणित

20 मार्च, नृत्य

23 मार्च, रसायन विज्ञान और बिजनेस स्टडीज

24 मार्च, ह्यूमन इकोलाजी और होम साइंस

25 मार्च, भूगोल

27 मार्च, इतिहास

28 मार्च, फाइनेंसियल लिटरेसी

30 मार्च, शारीरिक शिक्षा, योग, कंप्यूटर साइंस, एग्रीकल्चर, आटोमोटिव, हेल्थकेयर, सूचना प्रौद्योगिकी, इनफार्मेशन साइंस, मीडिया एवं मनोरंजन, रिटेल, शारीरिक शिक्षा एनक्यूएएफ, टूर एंड हास्पिटैलिटी, बैंकिंग, फाइनेंस एवं इंश्योरेंस, एपरेल्स, मेकअप एवं होम फिनिशिंग, ब्यूटी एवं वेलनेस, इलेक्ट्रानिक एवं हार्डवेयर, प्लंबर, फूड प्रोसेसिंग

पहली अप्रैल, म्यूजिक।

Scanned by Scanner Go

# शिक्षा बोर्ड ने 292 संस्थानों की बहाल की संबद्धता

वरिष्ठ संवाददाता ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किसी भी संस्थान की संबद्धता को रद्द नहीं किया गया था। केवल 292 संस्थानों द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण न करने के कारण प्रदान संबद्धता को अस्थायी तौर पर रोका गया था, जिसे अब बहाल कर दिया गया है। विधायक राकेश जम्वाल के प्रश्न के लिखित जवाब में सरकार ने सदन में यह जानकारी दी। सरकार ने बताया कि सभी संस्थानों द्वारा सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर दिया गया है।

राज्य सरकार ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदेश के लगभग 100 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई से संबंद्ध करने की प्रक्रिया आरंभ की है। सरकार द्वारा चुने हुए विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड से संबद्ध करने का निर्णय प्रदेश बोर्ड और सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, बदलते हुए शैक्षिक परिदृश्य, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की अपेक्षाओं को देखते हुए लिया गया है। प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश बोर्ड से जुड़े विद्यालयों को भी उत्कृष्टता के केंद्रों के रूप में विकसित करेगी। भारत सरकार देश भर में पीएम श्री स्कूल चिह्नित किए हैं। प्रदेश सरकार भी राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बना रही है। इन सभी से एक विद्यार्थी केंद्रित गुणवत्ता आधारित व्यवस्था बनेगी जिसमें सकारात्मक उर्जा के माध्यम से प्रदेश में स्कूली शिक्षा में बेहतरी आएगी।

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड पूर्व की भांति स्वतंत्र रूप से कार्य करता रहेगा। साथ ही सरकारी क्षेत्र में सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के होने से निजी विद्यालयों की मनमानी पर भी रोक लगेगी। Himachal dastak

## निःशुल्क मिलेगी किताबें व वर्दी

**सरकार** ने बताया कि इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्व की भांति निःशुल्क वर्दी, पुस्तकें एवं अन्य सुविधाएं यथावत जारी रहेंगी। सीबीएसई पाठ्यक्रम न तो बाहरी पुस्तकों की मांग करता है न ही हेल्प बुक्स की पैरवी करता है। सीबीएसई का पाठ्यक्रम एनसीईआरटी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद आधारित होता है और हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड का पाठ्यक्रम भी इसी आधार पर है। प्रदेश सरकार पूर्व की भांति निःशुल्क पुस्तकें भी उपलब्ध करवाएगी।

Scanned by Scanner Go

Dainik Jagaran

# शिक्षा बोर्ड ने बहाल की 292 निजी स्कूलों की संबद्धता

- किसी भी स्कूल की संबद्धता नहीं की रद, अस्थायी रोक लगाई थी
- राकेश जम्वाल के प्रश्न के लिखित उत्तर में सरकार ने दी जानकारी

राज्य ब्यूरो, जागरण • धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने किसी भी निजी स्कूल की संबद्धता को रद नहीं किया था। बोर्ड ने 292 संस्थानों द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा न करने के कारण प्रदान संबद्धता को अस्थायी तौर पर रोका था, जिसे अब बहाल कर दिया है। विधायक राकेश जम्वाल के प्रश्न के लिखित उत्तर में सरकार ने सदन में यह जानकारी दी।



राकेश जम्वाल • जागरण आर्काइव

सरकार ने बताया कि प्रदेश के 100 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध करने की प्रकिया शुरू कर दी है। प्रदेश शिक्षा बोर्ड से जुड़े विद्यालयों को भी उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। भारत सरकार ने देशभर में पीएमश्री स्कूल चिह्नित किए हैं, प्रदेश सरकार भी राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल बना रही है। प्रदेश शिक्षा बोर्ड पहले की भांति स्वतंत्र रूप से कार्य करता रहेगा, साथ ही सरकारी क्षेत्र में सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के होने से निजी विद्यालयों की मनमानी पर भी रोक लगेगी। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को निशुल्क वर्दी, पुस्तकें एवं अन्य सुविधाएं जारी रहेंगी।

## श्री नयना देवी जी क्षेत्र में आपदा से 314 मकान क्षतिग्रस्त

भाजपा विधायक रणधीर शर्मा के प्रश्न के लिखित उत्तर में सरकार ने बताया कि श्री नयना देवी जी क्षेत्र में इस बार आई प्राकृतिक आपदा से 314 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसमें से 33 पूर्णत: और 281 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 244 पशुशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। इनमें से 47 प्रभावितों को हिमाचल प्रदेश राहत नियमावली के प्रविधानों के अनुसार 14 लाख तीन हजार रुपये और विशेष राहत पैकेज 2025-26 के तहत 21 लाख 60 हजार रुपये की धनराशि जारी की है।



रणधीर शर्मा • जागरण आर्काइव

Scanned by Scanner Go